23.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को मिले नियुक्ति-पत्र, प्रधानमंत्री ने कहा- बीते डेढ़ साल में करीब दस लाख युवाओं को मिली सरकारी नौकरी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर के गौरव दिवस के मौके पर किया लाखा बंजारा झील के पुनर्विकास कार्य का लोकार्पण ।
- पांचवीं और आठवीं कक्षा में दो बार फेल होने वाले विदयार्थियों को नहीं मिलेगा अगली कक्षा में जाने का मौका ।
- प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली, भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में छाया कोहरा ।

रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'रोजगार मेला' के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। इस दौरान श्री मोदी ने कहा कि "आज आपके जीवन की नई शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते डेढ़ साल में करीब दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है।

सशस्त्र सीमा बल अकादमी भोपाल के द्वारा आयोजित रोजगार मेले में मध्यप्रदेश के 378 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके शामिल हुए. उन्होंने युवाओं को बधाई दी.

हमने नियुक्ति पात्र पाने वाले कुछ युवाओं से बातचीत की. उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री का आभार माना है.

इंदौर में सीएसडब्ल्यूटी बीएसएफ परिसर में रोजगार मिले आयोजित हुआ । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर थी । इंदौर मे 39 महिला उम्मीदवारों और विभिन्न संगठनों के 200 से अधिक उम्मीदवारों सहित 493 उम्मीदवारों को 'नियुक्ति पत्र' वितरित किए गए। ग्वालियर में केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

## सर्वोच्च न्यायालय मेडिकल

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत में डॉक्टरों की भारी कमी को देखते हुए, चिकित्सा परिषद समिति को निर्देश दिया है कि वह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए रिक्त मेडिकल सीटों को भरने के लिए काउंसलिंग का विशेष दौर आयोजित करे। साथ ही न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि अनिवासी भारतीयों की रिक्त सीटों को भी सामान्य श्रेणी कोटे में परिवर्तित किया जाए और उन्हें राज्य प्रवेश प्राधिकरणों के माध्यम से भरा जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में 30 दिसंबर से पहले प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

## सागर गौरव दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर गौरव दिवस के मौके पर आज लाखा बंजारा झील के पुनर्विकास कार्य का लोकार्पण किया। संजय ड्राइव पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सागर सिटी गवर्नेंस नगर पालिका निगम कार्यालय और दो जोनल सेंटर का भी लोकार्पण किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

मुख्यमंत्री ने सागर में कैंसर अस्पताल खोलने, राजकीय विश्वविद्यालय में विधि संकाय शुरू करने समेत देवरी विधानसभा की गौरझामर ग्राम पंचायत नगर परिषद बनाने की घोषणा की।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की दो दशकों से अधिक की सफलता के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर भोपाल में कल आयोजित इस कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह शामिल होंगी.

कार्यक्रम में पीएमजनमन योजना के कार्य, पुल पुलिया निर्माण, प्राधिकरण के नवाचार संवेग, ई मार्ग, संपर्क विहीन वन ग्राम जोड़ने, पीएमजीएसवाय के तहत मिसिंग लिंक जोड़ने के साथ आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत राज्य ने ग्रामीण संपर्कता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त किया है। इस योजना के तहत प्रदेश में कुल 20 हजार 227 मार्गों का निर्माण हुआ, जिनकी कुल लंबाई 89 हजार 612 किलोमीटर है।

## डिटेंशन पॉलिसी खत्म

केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विदयार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने वाली नीति खत्म कर दी है। शिक्षा सचिव संजय कुमार ने बताया कहा कि फेल होने वाले विदयार्थियों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। दोबारा परीक्षा के बाद अगर वे फिर से फेल होते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया जाएगा।

## उड़ान यात्री कैफे

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई अड्डे पर किफ़ायती दरों पर भोजन और पानी जैसी बुनियादी ज़रूरतें उपलब्ध कराने के लिए पूरे देश में उड़ान यात्री कैफे शुरू करने की घोषणा की है। इस अनूठी पहल को प्रायोगिक आधार पर कोलकाता हवाई अड्डे पर शुरू किया गया है। इसके सफल हो जाने पर भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण इन्हें देश भर में अन्य हवाई अड्डों पर भी आरंभ करेगा।

## मौसम

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में सुबह से बादल और कोहरा छाया रहा। ठंड और कोहरे के बीच अब इस सप्ताह बारिश के साथ ही ओलावृष्टि होने की संभावना है। प्रदेश में आज मुरैना, भिंड, विदिशा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल और बुरहानपुर में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में कल पारा सबसे कम 3 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में 7 दशमलव 9 डिग्री, इंदौर में 13 दशमलव 9 डिग्री, ग्वालियर में 7 दशमलव 3 डिग्री और जबलपुर में पारा 8 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ट्राई-वेबसाइट

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण-ट्राई ने अपनी पहुंच बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा दर्शकों से जुड़ने के लिए एक उन्नत वेबसाइट का अनावरण किया। यह वेबसाइट भारत में दूरसंचार और प्रसारण विनियमों, नीतियों, कानूनों, सांख्यिकी और रुझानों पर व्यापक जानकारी प्रदान करती है, जो आम जनता, हितधारकों, शोधकर्ताओं और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। इन नई सुविधाओं का उद्देश्य दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र में ट्राई की नियामक पहलों की पारदर्शिता और लोगों की भागीदारी बढ़ाना है।

समाचार संक्षेप में....

1. पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जायेगी।

2. मंदसौर में नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत पार्वती, काली सिंध, चंबल लिंक परियोजना के एमओयू के उपलक्ष्य में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

3. मुरैना कलेक्टर ने शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की टेबल पर उनके कार्य के बिन्दु लिखवाने को कहा है ताकि जनता से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ किया जा सके।

4. रायसेन जिले में आयोजित सुशासन सप्ताह में सेवानिवृत्त आईएएस अरूण कुमार भट्ट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

5. झाबुआ में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत आईटीआई कॉलेज में 19 छात्र को लर्निंग लाइसेंस दिए गये

6. छिंदवाडा में जिला प्रशासन और मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सयुंक्त प्रयासों से आयोजित माचागोरा जल महोत्सव 25 दिसंबर तक चल रहा है। इसमें कल बड़ी संख्या में पर्यटकों पहुंचे ।

7. शहडोल जिले में मनरेगा योजना के तहत 11 गौशालाओं का संचालन हो रहा है। इन गौशालाओं में 1674 गाय—बछड़े व बैल का संरक्षण किया जा रहा है।

8. सीहोर जिले की बुदनी तहसील के ग्राम सियागहन में निर्माणाधीन पुलिया की रीटेनिंग वॉल का स्लैब गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है.

--------------------